# CERTIFICATE OF TRUST REGISTRATION

Dated: 30.05.2025

It is certified that **SWATANTRATA SANGRAM SENANI LATE BIHARI LAL-SURAJ DEEN CHARITABLE TRSUT** is registered in the office of REGISTRAR PHULPUR, PRAYGRAJ under the Indian act 1882.

**Details of trust as follows:**

Certificate no- IN-UP56381871365205T

Certificate issued date-07 sep 2021

**Documents details:**

आवेदन स0- 202100889010898

बही संख्या 4 जिल्द संख्या 83 के पृष्ठ 357 से 382 तक क्रमांक 116 पर दिनांक 07/09/2021 को रजिस्ट्रीकृत किया गया।

*Due to technical issue at web portal of trust certification we are unable to generate online certificate of trust therefore on request of trustees we are issuing this certificate for the purpose of CBSE Affiliation.

30.05.2025

Signature with seal

Name of registrar: DR PRABHA MISHRA

Name & Address of Department/Office

REGISTRAR OFFICE ,PHULPUR PRAYGRAJ

उप निबन्धक

फूलपुर, प्रयागराज

Principal
RPM PUBLIC SCHOOL
Chak Mohammad urf Puresudi
Phulpur, Prayagraj

MANAGER
R.P.M. PUBLIC SCHOOL
Chak Mohammad urf Puresudi
Phulpur, Prayagraj

116 | 12 | 21

# INDIA NON JUDICIAL

## Government of Uttar Pradesh

Signature राधा केसरवानी
ACC Name-Radha Kesharwani, ACC Code-UP14162704
Address-Chak Mohammad Urf Shekhpur-Prayagraj, Mob.-9026988724
License No. 910, Tehsil & District-Phulpur, Prayagraj

## e-Stamp

सत्यमेव जयते

| | | |
|---|---|---|
| Certificate No. | : | IN-UP56381871365205T |
| Certificate Issued Date | : | 07-Sep-2021 10:42 AM |
| Account Reference | : | NEWIMPACC (SV)/ up14162704/ PHULPUR/ UP-AHD |
| Unique Doc. Reference | : | SUBIN-UPUP14162704015681611724 90T |
| Purchased by | : | Laxmikant Mishra |
| Description of Document | : | Article 64 (A) Trust - Declaration of |
| Property Description | : | NA |
| Consideration Price (Rs.) | : | |
| First Party | : | Laxmikant Mishra |
| Second Party | : | NA |
| Stamp Duty Paid By | : | Laxmikant Mishra |
| Stamp Duty Amount(Rs.) | : | 1,100<br>(One Thousand One Hundred only) |

1100/-


Please write or type below this line

Principal
RPM PUBLIC SCHOOL
Chak Mohammad urf Puresudi
Phulpur, Prayagraj

MANAGER
R.P.M. PUBLIC SCHOOL
Chak Mohammad urf Puresudi
Phulpur, Prayagraj

KC 0004270333

VOID VOID VOID




## स्वन्त्रता संग्राम सेनानी स्व0 बिहारी लाल–सूरजदीन चौरिटेबल ट्रस्ट

## ट्रस्ट–विलेख

**मैं लक्ष्मीकान्त मिश्रा पुत्र राजेन्द्र प्रसाद मिश्र, निवास मोहल्ला पूरेमहारथ, कस्बा व पो0 फूलपुर, तहसील फूलपुर, जिला प्रयागराज, उ0प्र0** का भारतीय नागरिक हूँ। मेरी उम्र लगभग 54 वर्ष की हो चुकी है। मेरा मो0 नं0 **9919496675**

**आधार कार्ड सं0 XXXX XXXX 5641 पैन कार्ड सं0 AGOPM7504P**

**"सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयः"** की भावना से दलितों, पिछड़ों एंव अन्य निर्धन व्यक्तियों के मध्य सेवा कार्य करते हुए, उनके आर्थिक, सामाजिक तथा शैक्षणिक उत्थान हेतु विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रमों को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु एक ट्रस्ट दस्तावेज अपने हस्ताक्षरों से रजिस्टर्ड करता हूँ–

1. इस न्यास/ट्रस्ट विलेख को आज **दिनांक** 07.09.2021 को समाज के विभिन्न उद्देश्यों समाज के उत्थान हेतु सामाजिक, सांस्कृतिक, भौगोलिक आदि दृष्टिकोण के आधार पर संस्थाहित जनहित एवं सामाजिक हित को ध्यान मे रखते हुए स्वास्थ्य एवं चिकित्सा क्षेत्र के साथ–साथ अन्य क्षेत्रों मे जैसे शिक्षा क्षेत्र, प्राविधिक उच्च चिकित्सा व्यवसायिक आदि क्षेत्र मे विशेष रुप से अपने दायित्वों को निर्वहन करता रहेगा।

2. <u>ट्रस्ट न्याय की विधिक प्रतिबद्धता–</u>

**स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी स्व0 बिहारी लाल–सूरजदीन चैरिटेबल ट्रस्ट कार्यालय पता मोहल्ला पूरेमहारथ, कस्बा व पो0 फूलपुर, तहसील फूलपुर, जिला प्रयागराज** की स्थापना ट्रस्ट एक्ट 1882 के अन्तर्गत किया जा रहा है। इस ट्रस्ट/न्यास 1882 के वे समस्त नियम/उपनियम लागू होंगे। जो कि ट्रस्ट एक्ट के लिए आवश्यक है, और न्यायिक विधा मे व्यवहारिक तथा विधिमान्य है। **स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी स्व0 बिहारी लाल–सूरजदीन चैरिटेबल ट्रस्ट** उनके अनुपालन के लिए प्रतिबद्ध है।

Principal
RPM PUBLIC SCHOOL
Chak Mohammad urf Puresudi
Phulpur, Prayagraj

MANAGER
R.P.M. PUBLIC SCHOOL
Chak Mohammad urf Puresudi
Phulpur, Prayagraj

न्यास/ट्रस्ट के न्यासकर्ता के द्वारा घोषणा की जाती है कि रु0 11,000/– (ग्यारह हजार रुपया) से इस ट्रस्ट की स्थापना की जा रही है, कि न्यास/ट्रस्ट के न्यास सदस्यों द्वारा प्राप्त हुई है। आगे यह घोषणा की जाती है कि जो भी दान–अनुदान चाहे कोष(फण्ड) या सम्पत्ति के रुप मे प्राप्त होगा उसका उपयोग लोग जनकल्याणकारी, मानव भलाई, शिक्षा, स्वास्थय, गरीबी, उन्मूलन, एवं अन्य जनकल्याणकारी कार्यो के लिए होगा। उसका उल्लेख रजिस्टर मे अंकित होना या बैंक खाते मे विवरण दिया जायेगा।

संस्थापक न्याय/ट्रस्ट के उद्देश्यों एवं संचालन के हेतु समर्पित है। न्यास/ट्रस्ट के उद्देश्यों को संचालन कराने के लिए नियुक्ति प्रबंधन/सचिव न्यास/ट्रस्ट पहले से अपनी सहमति व्यक्त कर चुका है, और वैधानिक रुप से 11,000/– रु0 (ग्यारह हजार रुपया) से अपना मालिकाना अधिकार रखता है। न्यास/ट्रस्ट के समुचित एवं स्थाई सुरक्षा की दृष्टि से प्रथम पात्र सचिव की नियुक्ति की गयी है।

न्यास/ट्रस्ट औपचारिक दस्तावेज क्रियाविन्त करने के लिए यह समझा जाता है कि न्यास/ट्रस्ट निश्चित शर्तो के साथ प्रबन्धक को अपना अधिकार प्रदान करती है।

न्यास/ट्रस्ट के संस्थापक द्वारा इस दस्तावेज को गवाहो के समक्ष निम्नलिखित रुप से प्रेषित की जाती है।

1. 11,000/– रु0 (ग्यारह हजार रुपया) न्यास/ट्रस्ट के सम्पत्ति होगी, और बाद मे न्यास/ट्रस्ट की सम्पत्ति कहलाएगी।
2. न्यास/ट्रस्ट सम्पत्ति का अर्थ होगा उपरोक्त रकम 11,000/– रु0 (ग्यारह हजार रुपया) न्यास/ट्रस्ट की सम्पत्ति होगी। इसके अतिरिक्त समय–समय पर पूँजी लगना या किसी क्षेत्र के प्राप्त की गयी धनराशि इसके अतिरिक्त दान दाताओं एवं स्वयं से संगठनो तथा किसी संस्था अथवा सोसायटी द्वारा दी गयी रकम या सम्पत्ति न्यास/ट्रस्ट की होगी। न्यास/ट्रस्ट पर प्रोविजन इनकम टैक्स एक्ट 1961 की सभी शर्ते लागू होगी। उपरोक्त न्यास/ट्रस्ट मे नामित व्यक्ति जो न्यासी/ट्रस्टी बनाय गये।
3. <u>ट्रस्ट का नाम</u> – **स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी स्व0 बिहारी लाल–सूरजदीन चैरिटेबल ट्रस्ट**
4. <u>ट्रस्ट का पता</u> – **मोहल्ला पूरेमहारथ, कस्बा व पो0 फूलपुर, तहसील फूलपुर, जिला प्रयागराज, उ0प्र0, पिन कोड–212402**
5. <u>ट्रस्ट का कार्यक्षेत्र</u> – **सम्पूर्ण भारतवर्ष**

Principal
RPM PUBLIC SCHOOL
Chak Mohammad urf Puresudi
Phulpur, Prayagraj

MANAGER
R.P.M. PUBLIC SCHOOL
Chak Mohammad urf Puresudi
Phulpur, Prayagraj

आवेदन सं० : [illegible]


[illegible]

बही सं० : 1 [illegible] वर्ष : 2021

[illegible]

[illegible]





(रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

डा० प्रभा मिश्रा

उप निबंधक फूलपुर

प्रयागराज

07/09/2021

अन्नपूर्णा त्रिपाठी

निबंधक लिपिक

उत्तर प्रदेश

1. **ट्रस्ट का स्वरुप** – यह ट्रस्ट एक अलाभकारी, गैर सरकारी, गैर राजनीतिक, स्वेच्छिक संगठन है जो धर्म जाति वर्ग सम्प्रदाय व राजनीति के ऊपर उठकर जनहित मे मानव कल्याण का कार्य करेगा।
2. **लाभग्राही** – हिन्दू, मुस्लिम, सिक्ख, ईसाइ, बौद्ध, जैन आदि समस्त जाति धर्म के लोगो को बिना किसी भेदभाव के सामान्य विकास अर्थात मानव जाति के सर्वांगीण विकास के लिए यह ट्रस्ट समान भाव से कार्य करेगा तथा मानव विकास मे सहायक व जीवनपयोगी प्राणी व वनस्पतियों के संरक्षण के हर संभव प्रयास करेगा।
3. **विधिक कार्यक्षेत्र** – न्यास/ट्रस्ट से जुडे समस्त प्रकार के वादो का विधिक कार्यक्षेत्र प्रयागराज(इलाहाबाद) होगा परन्तु यदि किसी भी विषम परिस्थिति मे कही किसी अन्य क्षेत्र मे वाद लाया जाता है, तो भी उसका हस्तान्तरण होने पर ही कार्यवाही मान्य की जायेगी।
4. **ट्रस्ट के उद्देश्य** –
   1. सामाजिक विकास के लिए प्राथमिक विद्यालय, पूर्व माध्यमिक विद्यालय, माध्यमिक विद्यालय, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, महाविद्यालय, ग्रामीण विश्वविद्यालय स्तर के शैक्षिक संस्थाओ की स्थापना व उसका संचालन करना। भारतवर्ष मे चलने वाली समस्त भाषाओ "हिन्दी/अंग्रेजी/उर्दू आदि से सम्बन्धित माध्यम की शिक्षा व्यवस्था करना। समाज के सर्वांगीण विकास हेतु कान्वेंट स्कूल व कालेज सामान्य आवासीय विद्यालय की स्थापना करना व पुरुष के लिए संयुक्त या अलग–अलग विधि महाविद्यालय, इंजीनियरिंग कालेज, पॉलिटेक्निक कालेज, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान(I.T.I.) प्राविधिक विद्यालय व महाविद्यालय, मूकबधिर व विकलांग विद्यालय/स्कूल, एलोपैथी, होम्योपैथी, यूनानीपैथी, मेडिकल कालेज व अस्पताल डेन्टल कालेज, पैरामेडिकल कालेज आदि विद्यालयों सहविद्यालयों की स्थापना करना व उसका संचालन करना।
   2. शिक्षा विभाग के प्राविधानो के अनुसार सामाजिक एवं गरीब हरिजन बुनकर विकलांग व अल्पसंख्यक मेधावी छात्रों, निराश्रित, असहाय एवं मृतक आश्रित, शहीद सेनानियों के बच्चों के लिए संस्थाओ एवं छात्रावासो की व्यवस्था करना।
   3. समाज के बहुमुखी विकास हेतु पुस्तकालय, वाचनालय, व्यायामशाला, क्रीडास्थल, स्वास्थ्य सेवा केन्द्र, सामाजिक शिक्षा केन्द्र, निराश्रित सेवा केन्द्र,

Principal
RPM PUBLIC SCHOOL
Chak Mohammad urf Puresudi
Phulpur, Prayagraj

MANAGER
R.P.M. PUBLIC SCHOOL
Chak Mohammad urf Puresudi
Phulpur, Prayagraj

**आवेदन सं०: 202100889010898**

---

बही स०: 4 रजिस्ट्रेशन स०: 116 वर्ष: 2021

---

**निष्पादन लेखपत्र वाद सुनने व समझने मजमुन व प्राप्त धनराशि रु प्रलेखानुसार उक्त**

**न्यासी: 1**

---

श्री लक्ष्मीकान्त मिश्रा, पुत्र श्री राजेन्द्र प्रसाद मिश्र

निवासी: मोहल्ला पूरेमहारथ कस्बा व पो० फूलपुर तहसील फूलपुर जिला प्रयागराज उ०प्र०

व्यवसाय: व्यापार





**ने निष्पादन स्वीकार किया । जिनकी पहचान**

**पहचानकर्ता : 1**

---

श्री राजेन्द्र प्रसाद मिश्र , पुत्र श्री स्व० बिहारी लाल

निवासी: मोहल्ला पूरेमहारथ फूलपुर प्रयागराज

व्यवसाय: सेवानिवृत





**पहचानकर्ता : 2**

---

श्री हृदय नारायण शुक्ला , पुत्र श्री स्व० राम मनोहर शुक्ला

निवासी: पूरेमहारथ फूलपुर प्रयागराज

व्यवसाय: सेवानिवृत





रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

ने की । प्रत्यक्षतः भद्र साक्षियों के निशान अंगूठे नियमानुसार लिए गए है ।

टिप्पणी :

डा० प्रभा मिश्रा
उप निबंधक : फूलपुर
प्रयागराज

अम्बुज त्रिपाठी .
निबंधक लिपिक

वृद्धा आश्रम, विधवा आश्रम, छात्रावास प्रौढ़ शिक्षा आदि केन्द्रो की स्थापना करना एवं उसका संचालन करना।

4. शिशु/बच्चो के चतुर्दिक विकास के लिए बाल विकास आश्रम, बाल पुस्तकालय, बाल मनोरंजन केन्द्र खोलना, अनाथ बच्चो की देखभाल के लिए बाल संरक्षण गृह व अनाथालय की स्थापना व संचालन करना।
5. मातृशिशु कल्याण योजनाओ की क्रियान्वित करना तथा लोगो को परिवार नियोजन अपनाने की सलाह देना, आखो के लिए मोतियाबिन्द या दृष्टि दोष हेतु जांच व आपरेशन शिविरों की व्यवस्था करना, टीकाकरण, पल्स पोलियों, हेपेटाइटिस टीकाकरण, एड्स जागरुकता शिविर, मैटरनिटी सेन्टर, अपंगता, कुष्ठ रोग निवारण केन्द्रो चैरिटेबुल अस्पतालो आदि की स्थापना एवं संचालन करना।
6. वर्तमान समय में विज्ञापन जन–जीवन का आवश्यक एवं अनिवार्य अंग होने की स्थिति को देखते हुए तथा जीवन के प्रत्येक क्षेत्र को सूचनार्थ विज्ञान एंव कम्प्यूटर तकनीकी पर आधारित होने के कारण उससे सम्बन्धित ज्ञान को जिज्ञासुओ व प्रशिक्षणार्थियों को अत्याधुनिक टेक्नोलाजी के माध्यम से उपलब्ध कराना।
7. परिवार कल्याण के क्षेत्र में जनसंख्या वृद्धि नियन्त्रण, परिवार नियोजन, टीकाकरण के क्षेत्र में जागरूकता/प्रशिक्षण की सुविधा के साथ–साथ परिवार कल्याण परामर्श केन्द्र स्थापना कर रक्तदान शिविर का आयोजन करना।
8. जनसामान्य के लाभ हेतु डेण्टल कालेज, होमियोपैथिक, आयुर्वेदिक एवं एलोपैथिक मेडिकल कालेज, पैरामेडिकल व नर्सिंग कालेज/प्रशिक्षण केन्द्रो, चिकित्सालय तथा नर्सिंग होम, पैथालाजी, की स्थापना करना।
9. खाद्य प्रसंस्करण तथा फल संरक्षण का प्रशिक्षण देना।
10. युवाओ के लिये विभिन्न प्रकार के अन्य उपयोगी प्रशिक्षण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, कुकिंग, कला, निबन्ध, व्याख्यान तथा खेल–कूद आदि का आयोजन करना।
11. समांज कल्याण हेतु विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं परियोजनाओ को क्रियान्वित करना तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़े वर्ग व अलसंख्यक वर्ग के बच्चों, निराश्रित, अनाथ बच्चो के लिये विद्यालय, छात्रावास एंव भोजन, वस्त्र की व्यवस्था करना।

Principal
RPM PUBLIC SCHOOL
Chak Mohammad urf Puresudi
Phulpur, Prayagraj

MANAGER
R.P.M. PUBLIC SCHOOL
Chak Mohammad urf Puresudi
Phulpur, Prayagraj

दफ्तर सब रजिस्ट्रार फूलपुर जिला-प्रयागराज

उत्तर प्रदेश

12. मूकबधिरो, अन्धों एंव शारीरिक रूप से अन्य विकलांगो के विकास एवं सहयोग हेतु आवश्यक कार्यक्रगो का संचालन तथा उनके पुर्नवास केन्द्र की स्थापना करना।

13. सामूहिक विवाह तथा सामूहिक भोज को बढ़ावा देकर त्योहारो और समारोहो पर होने वाले भोजन, अनाज के अपव्यय की रोकथाम हेतु प्रयास करना।

14. योग एवं प्रणायाम सहित विभिन्न प्रकार के खेलो, जिम्नास्टिक, जूडो, कराटे, कबड्डी तथा अन्य खेलो को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण/प्रतियोगिता कराना।

15. विभिन्न प्रशिक्षणो का आयोजन व कौशल विकास एंव उद्यमिता विकास प्रशिक्षण से सम्बन्धित कार्यक्रमो का संचालन करना और इसके लिए आधुनिकतम सुविधायुक्त प्रशिक्षण हाल की स्थापना करना।

16. घरेलू ग्रामीण उद्योग को बढ़ावा देने तथा युवाओ को आत्म निर्भर बनाने के लिये पशुपालन, गौ संवर्धन, व डेयरी उद्योग, रेशम उद्योग, मधुमक्खी पालन, मुर्गी पालन, मत्स्य पालन से सम्बन्धित कार्य करना तथा इसके लिये युवाओ को प्रेरित/जागरूक/प्रशिक्षित एंव साधन सम्पन्न कराना।

17. सरकारी/अर्द्धसरकारी/प्राईवेट खाली पड़ी जमीन पर वृक्षारोपण, औषधियों एंव जडी–बूटी वाले मेडिसिनल प्लान्ट व आर्थिक महत्व वाले पौधो का रोपण करना।

18. वर्मी कम्पोस्ट एंव साग–सब्जी उद्योगो को बढ़ावा देना तथा रसायनिक उर्वरक से होने वाले हानि से लोगो को अवगत कराकर आर्गेनिक खेती को बढ़ावा देना।

19. बन्जर एंव ऊसर भूमि, गैर पारम्परिक ऊर्जा श्रोत, वातावरणीय संरक्षण, जल एंव अन्य प्राकृति सम्पदा के संरक्षण को विकसित करने से सम्बन्धित कार्य करना।

20. पंचायती राज, उपभोक्त संरक्षण एंव मोटर वाहन अधिनियम व पारिवारिक विधि के बारे मे कानूनी जागरूकता के लिये काउन्सिलिंग केन्द्रो की स्थापना करना।

21. किसी एन0जी0ओ द्वारा दिये गये कार्यो को भी सम्पादित कर अन्य सरकारी या गैर सरकारी तंत्र अथवा संस्था व ट्रस्ट को सहायता व सहयोग देना।

Principal
RPM PUBLIC SCHOOL
Chak Mohammad urf Puresudi
Phulpur, Prayagraj

MANAGER
R.P.M. PUBLIC SCHOOL
Chak Mohammad urf Puresudi
Phulpur, Prayagraj

Scanned with OKEN Scanner

दफ्तर सब रजिस्ट्रार फूलपुर जिला-प्रयागराज

उत्तर प्रदेश

Scanned with OKEN Scanner

1. **ट्रस्ट की आयः—**

ट्रस्ट की आय स्थायी कोष का व्याज, लाभांश, सरकारी, अर्द्धसरकारी संस्थाओं द्वारा अनुदान, जनप्रतिनिधियों द्वारा सहायता राशि, उदार व्यक्तियों द्वारा प्रदत्त चल, अचल सम्पत्ति तथा ट्रस्ट की अन्य सम्पत्तियों से प्राप्त धनराशि आदि से होगी। जिसका उपयोग ट्रस्ट के उद्देश्य पूर्ति में किया जायेगा।

2. **ट्रस्ट का गठनः—**

ट्रस्ट के उद्देश्यों में रूचि/आस्था रखने वाले निम्न महानुभावः—

| क्र0 सं0 | ट्रस्टी का नाम | पिता/पति का नाम | पदनाम | निवासी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री लक्ष्मीकान्त मिश्र | श्री राजेन्द्र प्रसाद मिश्र | प्रबन्धक/अध्यक्ष | मोहल्ला पूरेमहारथ, कस्बा व पो0 फूलपुर, तहसील फूलपुर, जिला प्रयागराज। |
| 2 | श्री शिवम मिश्र | श्री शिवा कान्त मिश्र | उपाध्यक्ष | मोहल्ला पूरेमहारथ, कस्बा व पो0 फूलपुर, तहसील फूलपुर, जिला प्रयागराज। |
| 3 | श्री राहुल त्रिपाठी | श्री चित्रतोष त्रिपाठी | सचिव | मोहल्ला पूरेमहारथ, कस्बा व पो0 फूलपुर, तहसील फूलपुर, जिला प्रयागराज। |
| 4 | श्री विजय कान्त मिश्र | श्री राजेन्द्र प्रसाद मिश्र | कोषाध्यक्ष | मोहल्ला पूरेमहारथ, कस्बा व पो0 फूलपुर, तहसील फूलपुर, जिला प्रयागराज। |
| 5 | श्री शिवाकान्त मिश्रा | श्री राजेन्द्र प्रसाद मिश्र | सदस्य | मोहल्ला पूरेमहारथ, कस्बा व पो0 फूलपुर, तहसील फूलपुर, जिला प्रयागराज। |
| 6 | श्री सौरभ मिश्र | श्री लक्ष्मीकान्त मिश्र | सदस्य | मोहल्ला पूरेमहारथ, कस्बा व पो0 फूलपुर, तहसील फूलपुर, जिला प्रयागराज। |
| 7 | श्रीमती किरन मिश्र | श्री शिवाकान्त मिश्र | सदस्य | मोहल्ला पूरेमहारथ, कस्बा व पो0 फूलपुर, तहसील फूलपुर, जिला प्रयागराज। |

उक्त लोग ट्रस्ट के आजीवन वर्तमान ट्रस्टी होंगे, जो वर्तमान ट्रस्टी मण्डल का गठन करेंगे। आवश्यकतानुसार भविष्य में ट्रस्टियों की संख्या घटाई या बढ़ाई जा सकती है। किन्तु समस्त वित्तीय अधिकार अध्यक्ष/सचिव की सहमति से ही होगा।

Principal
RPM PUBLIC SCHOOL
Chak Mohammad urf Puresudi
Phulpur, Prayagraj

MANAGER
R.P.M. PUBLIC SCHOOL
Chak Mohammad urf Puresudi
Phulpur, Prayagraj

Scanned with OKEN Scanner

उत्तर प्रदेश

ट्रस्ट एंव उसके द्वारा संचालित संस्थाओं की समस्त सम्पत्ति ट्रस्टी मण्डल में निहित होगी। ट्रस्टी मण्डल इसे धारण करेगा, इसकी देखभाल करेगा, इसका प्रबंधन करेगा, तथा ट्रस्ट के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु इसका उपयोग करेगा। ट्रस्ट के समस्त कार्य–कलाप ट्रस्टी मण्डल द्वारा सर्वसम्मति अथवा बहुमत से लिये गये निर्णयों के अन्तर्गत सम्पादित् होंगे।

3. **ट्रस्टी मण्डल की बैंठकें:–**

ट्रस्टी मण्डल की वर्ष में एक बार बैठक जून माह में हुआ करेगी। आवश्यकता पड़ने पर अन्य बैठके भी हो सकती है। ट्रस्टी मण्डल की बैठक की लिखित सूचना एंव एजेण्डा कम से कम एक सप्ताह पूर्व प्रत्येक ट्रस्टी को प्राप्त करा दी जायेगी। आकस्मिक बैठकें एक दिन के अन्दर बुलाई जा सकती है। आपात स्थिति में ट्रस्ट संबन्धी त्वरित निर्णय मैनेजिंग ट्रस्टी द्वारा लिया जा सकता है। जिसका ट्रस्ट की बैठक बुलाकर अनुमोदन प्राप्त करना अनिवार्य होगा। ट्रस्ट की बैठक का कोरम कम से कम **पांच सदस्यों** की उपस्थिति होगी। किन्तु स्थगित बैठक के लिए कोरम की आवश्यकता नहीं होगी।

4. **ट्रस्टियों की नियुक्तिः–**

18 वर्ष से अधिक आयु एंव ट्रस्ट के उदेश्यों में रूचि रखने वाले जो भी व्यक्ति ट्रस्ट/न्यास द्वारा अपेक्षित/निर्धारित सदस्यता शुल्क प्रदान करेगा, वह एक वर्ष के लिए सहयोगी ट्रस्टी/न्यासी होगा। इसके लिए संस्थापक ट्रस्टी/मुख्य ट्रस्टी के खिलाफ काम करने पर प्रबन्धकारिणी समिति द्वारा निलंबित किये जा सकते है।

5. **ट्रस्टी मण्डल की सदस्या समाप्तिः–**

- ट्रस्टी के त्याग पत्र देने,
- ट्रस्टी के उद्देश्य के विपरीत कार्य करने,
- शारीरिक अथवा मानसिक रूप से अक्षम होने,
- किसी भी न्यायालय द्वारा सजा पाने

ट्रस्टी मण्डल की बैठक, जिसमें वह भाग नहीं लेगा, में बहुमत से लिये गये निर्णय के आधार पर चेयरमैन ट्रस्टी उसकी ट्रस्टी मण्डल सदस्यता बिना कारण बताये समाप्त कर सकता है। किसी भी सदस्य/प्रबन्धकारिणी सदस्य की सामान्य मृत्यु होने पर वैध वारिस ही सदस्य होंगें।

Principal
RPM PUBLIC SCHOOL
Chak Mohammad urf Puresudi
Phulpur, Prayagraj

MANAGER
R.P.M. PUBLIC SCHOOL
Chak Mohammad urf Puresudi
Phulpur, Prayagraj

Scanned with OKEN Scanner

सब रजिस्ट्रार फूलपुर जिला-प्रयागराज

उत्तर प्रदेश

6. **ट्रस्ट के पदाधिकारियों के अधिकार एंव दायित्वः–**

**अध्यक्षः–**


अध्यक्ष ट्रस्टी मण्डल की बैठको को आहूत करने के लिए सचिव को निर्देश देगा, तथा उसकी अध्यक्षता करेगा। वह मतदान में भाग लेगा। वह ट्रस्टी मण्डल के निर्णयों की घोषणा करेगा। बराबर मतों की स्थिति में उसका मत निर्णायक एंव सर्वमान्य होगा। और उसकी अनुपस्थिति में बैठक में उपस्थित वरिष्ठतम ट्रस्टी उसके दायित्वों का निर्वहन करेगा।

**सचिवः–**

सचिव ट्रस्ट का मुख्य कार्यकारी अधिकारी होगा। वह अध्यक्ष के निर्देश पर बैठक आहूत करेगा। वह ट्रस्ट की बैठक की कार्यवाहियों का अभिलेखन करेगा। ट्रस्ट के समस्त अभिलेखों का ट्रस्ट कार्यालय में सुरक्षित रखेगा। ट्रस्ट की ओर से ट्रस्ट द्वारा स्थापित एंव संचालित संस्थाओं को आवश्यक निर्देश देगा तथा उसके पालन को सुनिश्चित करेगा। वह ट्रस्ट के समस्त निर्णयों का क्रियान्वयन करेगा। वह न्यायालय, सरकार अथवा अन्यत्र कहीं भी ट्रस्ट का प्रतिनिधित्व करेगा। वह ट्रस्टी मण्डल के निर्णय अनुसार ट्रस्ट द्वारा संचालित संस्थाओं के कर्मचारियों के पदों का सृजन करेगा, उस पर नियुक्ति, उनका वेतन, परिश्रामिक, भत्ता तथा दैनिक मजदूरी का निर्धारण आदि कार्य करेगा तथा उसकी सूचना संबंधितं संस्था के प्रधान को देगा। सचिव ट्रस्ट की ओर से उदार मना व्यक्तियों द्वारा दान, ट्रस्ट सम्पत्तियों का किराया, ट्रस्ट सम्पत्तियों की विक्रय राशि, सरकारी तथा अर्द्धसरकारी संस्थाओं द्वारा अनुदान, जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रदत्त सहायता राशि आदि प्राप्त करेगा, तथा उसे ट्रस्ट के बैंक खाते में जमा करेगा तथा उसका लेखा–जोखा रखेगा। उपरोक्त राशि ट्रस्ट के उद्देश्य पूर्ति हेतु ट्रस्ट के निर्देशानुसार उपयोग की जायेगी। ट्रस्ट का वार्षिक बजट तैयार कर ट्रस्टी मण्डल की वार्षिक बैठक में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करेगा। ट्रस्टी मण्डल के समस्त वित्तीय पत्राजातों का लेखा परीक्षण करायेगा तथा उसकी रिपोर्ट ट्रस्टी मण्डल के वार्षिक बैठक में प्रस्तुत करेगा। लेखा एंव बैंक सम्बन्धी समस्त पत्रजात ट्रस्ट कार्यालय में सुरक्षित रखेगा। वह ऐसे समस्त कार्यो एंव दायित्वों का निर्वहन करेगा जो उसे ट्रस्टी मण्डल द्वारा समय–समय पर करने के लिए अधिकृत किया जायेगा। अध्यक्ष की अनुमति से या उनकी अनुपस्थिति में उनके द्वारा सम्पादित किये जाने वाले समस्त कार्यों का सम्पादन सचिव द्वारा किया जायेगा।

Principal
RPM PUBLIC SCHOOL
Chak Mohammad urf Puresudi
Phulpur, Prayagraj

MANAGER
R.P.M. PUBLIC SCHOOL
Chak Mohammad urf Puresudi
Phulpur, Prayagraj




Scanned with OKEN Scanner

**कोषाध्यक्षः—**

कोषाध्यक्ष ट्रस्ट की आय—व्यय का मद व तिथिवार ब्यौरा रखना तथा आय—व्यय सम्बन्धी पत्रक तैयार करना एंव सम्बन्धित कागजों पर सचिव की स्वीकृत प्राप्त करना।

7. **ट्रस्टी मण्डल के अधिकारः—**

1. ट्रस्ट/न्यास का खाता किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक मे अध्यक्ष/सचिव द्वारा खोला जायेगा, जिसका संचालन अध्यक्ष/सचिव के संयुक्त हस्ताक्षर से होगा तथा आवश्यकता पड़ने पर अध्यक्ष व सचिव दोनो मे से केवल कोई एक के हस्ताक्षर से चलाया जा सकेगा।
2. ट्रस्ट एंव ट्रस्ट द्वारा संचालित संस्थाओं के नियमों, परिनियमों, उद्देश्यों आदि में संशोधन करना, नये नियम बनाना, तथा अनुपयोगी हो चुके नियमों को समाप्त करना।
3. ट्रस्ट कार्य हेतु कर्मचारियों को नियुक्ति करना, उनके वेतन का भुगतान करना तथा न्यायोचित कारणों से उन्हें पदच्युत करना।
4. ट्रस्ट अथवा उसके द्वारा संचालित संस्थाओं के दोषी कर्मचारियों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर उन्हें दण्डित करना।
5. ट्रस्ट द्वारा संचालित संस्थाओं के प्रबन्धन हेतु प्रबन्ध समिति के गठन हेतु संविधान/नियमावली बनाना।
6. ट्रस्ट द्वारा संचालित किसी संस्था की, ट्रस्ट के उद्देश्यों के विरूद्ध कार्य करने वाली अथवा विवादित प्रबन्ध समिति को भंग कर उनके स्थान पर दूसरी प्रबन्ध समिति का गठन करना तथा उसके गठन होने तक संस्था का प्रबन्ध सचिव द्वारा कराना।
7. ट्रस्ट द्वारा संचालित संस्थाओं के समस्त विवादों का निपटारा करना।
8. ट्रस्ट के विरूद्ध समस्त वाद मा0 न्यायालय, प्रयागराज में ही मान्य होंगे।

Principal
RPM PUBLIC SCHOOL
Chak Mohammad urf Puresudi
Phulpur, Prayagraj

MANAGER
R.P.M. PUBLIC SCHOOL
Chak Mohammad urf Puresudi
Phulpur, Prayagraj

Scanned with OKEN Scanner

दफ्तर सब रजिस्ट्रार फूलपुर जिला-प्रयागराज
उत्तर प्रदेश

Scanned with OKEN Scanner

8. **<u>ट्रस्ट द्वारा संचालित सस्थाओं का संविधानः–</u>**

ट्रस्ट द्वारा संचालित विद्यालय/महाविद्यालय एवं हास्पिटल आदि संस्थाओं के सुचारु प्रबन्धन हेतु ट्रस्ट प्राविधानों तथा मान्यता/सम्बद्धता प्रदान करने वाली संस्थाओ के नियमों के अन्तार्गत एक प्रबन्ध समिति गठित होगी, जो चेयरमैन ट्रस्टी के देखरेख मे अपने मे से ही तीन या पांच वर्ष के लिए नियुक्त किया जोयगा।

यदि कोई पद अपने आप अथवा किन्ही कारणों से हटा दिये जाने के फलस्वरूप रिक्त हो जाता है तो उस पर नये पदाधिकारी का चयन ट्रस्टियों में से ट्रस्टी मण्डल द्वारा बहुमत से शेष अवधि के लिए किया जायेगा अथवा नामित सदस्यों की स्थिति में चेयरमैन ट्रस्टी मण्डल द्वारा बहुमत से शेष अवधि के लिए किया जायेंगा। प्रबन्ध समिति की बैठक वर्ष में दो बार होगी, आवश्यकता पड़ने पर अन्य बैठके भी हो सकती है। जिसके लिए सूचना एंव एजेण्डा एक सप्ताह पूर्व सदस्यों को प्रबन्ध द्वारा प्राप्त कराना होगां। आवश्यक्ता पड़ने पर आकस्मिक बैठक कभी भी एक दिन के अन्दर हो सकती है। आपातकाल में प्रबंधक द्वारा स्वविवेक से निर्णय लिया जा सकता है। जिसका वाद में प्रबंध समिति का अनुमोदन अनिवार्य होगा। उसे प्रबन्ध समिति के समस्त निर्णयों से ट्रस्टी मण्डल को अवगत कराकर उसकी सहमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। उसके बाद ही वह उसे क्रियान्वित कर सकता है।

9. **<u>प्रबन्ध समिति के पदाधिकारियो के अधिकार एंव दायित्वः–</u>**

**<u>अध्यक्षः–</u>**

प्रबन्ध समिति की बैठकों को आहूत करने के लिए प्रबन्ध को निर्देश देना। बैंठकों की अध्यक्षता करना। समिति के निर्णयों की घोषणा करना। अनिर्णय की स्थिति में बैठक ही कार्यवाही ट्रस्टी मण्डल को संदर्भित करना तथा उसके निर्णय प्राप्त होने पर समस्त सदस्यों को निर्णय से अवगत कराने के लिए प्रबंधक को निर्देशित करना। उसके बाद ही प्रबन्धक उसे कार्यान्वित कर सकता है।

**<u>उपाध्यक्ष :–</u>**

अध्यक्ष की अनुपस्थिति में उनके दायित्वों का निर्वहन करना।

Principal
RPM PUBLIC SCHOOL
Chak Mohammad urf Puresudi
Phulpur, Prayagraj

MANAGER
R.P.M. PUBLIC SCHOOL
Chak Mohammad urf Puresudi
Phulpur, Prayagraj

Scanned with OKEN Scanner

दफ्तर सब रजिस्ट्रार फूलपुर जिला-प्रयागराज

उत्तर प्रदेश

**प्रबन्धक :–**

प्रबन्धक अध्यक्ष के निर्देश पर प्रबन्ध समिति की बैठक आहूत करेगा तथा बैठक की सूचना एक सप्ताह पूर्व सदस्यों को एजेण्डा सहित प्राप्त करायेगा। वह संस्था का मुख्य कार्यकारी अधिकारी होगा वह बैंक से लेन–देन, पत्र व्यवहार, न्यायालीय कार्य, नियुक्तियों, वेंतन वितरण, क्रय–विक्रय, अनुशास्नात्मक कार्यवाहियों, आदि करेगा। वह बैठक की कार्यवाही का अभिलेखन करेगा तथा उससे संबधित समस्त पत्राजातों का रख–रखाव करेगा। संस्था अथवा प्रबंध समिति में किसी प्रकार के विवाद के सम्बन्ध में वह ट्रस्टी मण्डल को अपनी रिपोर्ट प्रेषित करेगा तथा ट्रस्टीमण्डल द्वारा लिये गये निर्णय को कार्यान्वित करेगा।

**उप्रबन्धक :–**

प्रबन्धक की अनुपस्थिति में उसके समस्त दायित्वों का निर्वहन करेगा।

**कोषाध्यक्ष :–**

निधियों का संरक्षण करना, वित्तीय नैति निर्धारण एंव वित्तीय विषयो पर संस्तुति प्रदान करना, बैंक खाते का लेखा–जोखा रखना।

10. **ट्रस्ट डीड में संशोधन :–**

ट्रस्टी मण्डल 2/3 के बहुमत से ट्रस्ट डीड मे संशोधन कर सकता है। उसमें कुछ जोड़ सकता है तथा उसके कुछ अंश जो विधि सम्मत न हो हटा सकता है। उपरोक्त के लिए बैठक की सूचना ट्रस्टियों को कम से कम 15 दिन पूर्व प्राप्त कराना आवश्यक होगा। ट्रस्टी मण्डल चेयरमैन ट्रस्टी को उपरोक्त संशोधनों एंव परिवर्तनों के संबंध में कार्यवाही करने के लिए अधिकृत करेगा।

अतएंव मै अपने स्वस्थ मस्तिष्क एंव होश हवास से यह ट्रस्ट विलेख (TRUST DEED) लिखा दिया कि सनद् रहें और समय पर काम आवें।

**ट्रस्ट के पास 11,000/– रु0 के अलावा कोई भी चल व अचल सम्पत्ति नही है।**

**ई–स्टाम्प मूल्य – 1,100/–**

**ई–स्टाम्प प्रमाण पत्र सं0 – IN-UP56381871365205T**

**दिनांक – 07.09.2021**

चेयरमैन ट्रस्टी

Principal
RPM PUBLIC SCHOOL
Chak Mohammad urf Puresudi
Phulpur, Prayagraj

MANAGER
R.P.M. PUBLIC SCHOOL
Chak Mohammad urf Puresudi
Phulpur, Prayagraj

Scanned with OKEN Scanner

**आवेदन सं०: 202100889010898**

बही संख्या 4 जिल्द संख्या 83 के पृष्ठ 357 से 382 तक क्रमांक 116 पर दिनाँक 07/09/2021 को रजिस्ट्रीकृत किया गया।

उप सब रजिस्ट्रार फूलपुर जिला-प्रयागराज
उत्तर प्रदेश

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

डा० प्रभा मिश्रा
उप निबंधक : फूलपुर
प्रयागराज
07/09/2021

Scanned with OKEN Scanner

| गवाह सं0 : 1 | गवाह सं0 : 2 |
|---|---|
| फोटो<br><br>हस्ताक्षर | <br>हस्ताक्षर |
| नाम : राजेन्द्र प्रसाद मिश्र<br>पिता का नाम : स्व0 बिहारी लाल<br>पता : मोहल्ला पूरेमहाराथ, फूलपुर, प्रयागराज।<br>पेशा – सेवानिवृत्त। | नाम : हृदय नारायण शुक्ल<br>पिता का नाम : राम नोहर शुक्ला<br>पता : मोहल्ला पूरेमहाराथ, फूलपुर, प्रयागराज।<br>पेशा – सेवानिवृत्त। |
| **Adhaar No : XXXX XXXX 6739** | **Adhaar No : XXXX XXXX 3675** |
| मो0 नं0 : 723596167 | मो0 नं0 : 8737981910 |

मसविदाकर्ता :–सन्तोष कुमार शुक्ल एडवोकेट, फूलपुर, प्रयागराज।
मो0 नं0 :– 9415636418
दिनांक :–06.09.2021

Principal
RPM PUBLIC SCHOOL
Chak Mohammad urf Puresudi
Phulpur, Prayagraj

MANAGER
R.P.M. PUBLIC SCHOOL
Chak Mohammad urf Puresudi
Phulpur, Prayagraj

आवेदन सं०: 202100889010898

बही स०: 4 रजिस्ट्रेशन स०: 116 वर्ष: 2021

निष्पादन लेखपत्र वाद सुनने व समझने भजगुन व प्राप्त धनराशि र प्रलेखानुसार उक्त

न्यासी: 1

श्री लक्ष्मीकान्त मिश्रा, पुत्र श्री राजेन्द्र प्रसाद मिश्र

निवासी: मोहल्ला पूरेमहारथ कस्बा व पो० फूलपुर तहसील फूलपुर जिला प्रयागराज उ०प्र०

व्यवसाय: व्यापार




ने निष्पादन स्वीकार किया । जिनकी पहचान

पहचानकर्ता : 1

श्री राजेन्द्र प्रसाद मिश्र , पुत्र श्री स्व० बिहारी लाल

निवासी: मोहल्ला पूरेमहारथ फूलपुर प्रयागराज

व्यवसाय: सेवानिवृत




पहचानकर्ता : 2

श्री हृदय नारायण शुक्ला , पुत्र श्री स्व० राम नोहर शुक्ला

निवासी: पूरेमहारथ फूलपुर प्रयागराज

व्यवसाय: सेवानिवृत




रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

ने की । प्रत्यक्षतः भद्र साक्षियों के निशान अंगूठे नियमानुसार लिए गए है ।

टिप्पणी :

डा० प्रभा मिश्रा

उप निबंधक : फूलपुर

प्रयागराज

अम्बुज त्रिपाठी

निबंधक लिपिक